समाचार

# महापौर ने किया नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

## (निर्माण सामग्री से रोड़ बाधित न हों, दिए निर्देश)

कोरबा 30 जुलाई 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कोरबा प्रेस क्लब के सामने निर्मित की जा रही नाली के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने निर्माण एजेंसी एवं निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों, इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान दें।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 25 अंतर्गत कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराया जा रहा है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्माण एजेंसी व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण हेतु रखी सामग्री रेत, गिट्टी व काम में लगी मशीनों के कारण आवागमन बाधित न हों, यह सुनिश्चित कर लें तथा निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें। उन्होने नाली निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि नाली निर्माण हो जाने के पश्चात पानी का बहाव निर्वाध रूप से हो, इस हेतु स्लोप

मेंनटेन करते हुए कार्य को संपादित कराएं। महापौर श्री प्रसाद ने स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान के समीप सड़क किनारे बनाई जा रही नाली के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद कोहड़िया फिल्टर प्लांट के समीप प्रस्तावित वृक्षारोपण स्थल का भी जायजा लिया तथा वृक्षारोपण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। विगत दिनों अधिक वर्षा के कारण कोहड़िया एक मोहल्ले में पानी निकासी न होने के कारण जल भराव की स्थिति बनी थी, जिसकी जानकारी मिलते ही महापौर के निर्देश पर निगम की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी कराई थी, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त स्थल का भी निरीक्षण किया तथा भविष्य में जल भराव की स्थिति न बने, इस हेतु स्थाई रूप से आवश्यक व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष अग्रवाल एवं विजय खेत्रपाल, कार्यपालन अभियंता एम.एन.सरकार, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, आकाश अग्रवाल, विनोद गोंड,.बनवारी आदित्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।